<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–29.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने हेमंत सरकार के मंत्रीपद और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी पदों से दिया इस्तीफा, श्री सोरेन कल भाजपा में होंगे शामिल।
- केंद्र सरकार ने जमशेदपुर, पुरूलिया, आसनसोल तीसरी लाइन समेत रेलवे की तीन नई परियोजनाओं को स्वीकृति दी।
- शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम ने कहा–पारा शिक्षकों के मानदेय में एक हजार रुपये की होगी वृद्धि, सरकार के आश्वासन के बाद शिक्षकों ने आंदोलन किया समाप्त।
- मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम में आज भारी बारिश की जतायी संभावना।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री पद और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि पार्टी की कार्यशैली और नीतियों ने उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर किया है। चंपई सोरेन कल भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंने झारखंड विधानसभा की सरायकेला सीट से भी इस्तीफा दे दिया है। श्री सोरेन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का उनका निर्णय झारखंड के लोगों के हित में है।

****

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने छह हजार चार सौ 56 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे की तीन महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दे दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि ये परियोजनाएं यात्रा को आसान बनाएंगी, लॉजिस्टिक लागत, तेल आयात और कार्बन उत्सर्जन को कम करेंगी।

****

मंत्रिमंडल ने देश के औद्योगिक परिदृश्य को बदलने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत बारह नए ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी।

****

मंत्रिमंडल ने 2 सौ 34 नए शहरों में 7 सौ 30 निजी एफएम चौनलों की ई–नीलामी कराने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इस निर्णय से मातृभाषा में स्थानीय सामग्री के प्रसारण को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। स्वीकृत शहरों में कई आकांक्षी जिले है और कुछ वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित हैं। श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल के निर्णय से श्रेणी–दो और तीन के शहरों में एफएम रेडियो की पहुंच बनेगी।

****

शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम ने कहा है कि पारा शिक्षकों के मानदेय में एक हजार रुपये की वृद्धि होगी। सरकार के आश्वासन के बाद पारा शिक्षकों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया है। पारा शिक्षकों की शिक्षा मंत्री के साथ वार्ता के बाद इंम्लोई प्रोविडेंट फंड–ईपीएफ में एक हजार नौ सौ पचास रुपये सरकार देगी इसपर भी सहमति बनी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वार्ता में बनी सहमति पर आवश्यक प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जघन्य दुष्कर्म और हत्या की घटना से पूरा देश सदमे में है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि सब लोग मिलकर कहे कि अब और बर्दाश्त नहीं होगा। हाल में महिलाओं के खिलाफ जिस तरह से अपराध बढ़े हैं, उनसे सभी को आत्म मंथन करने की जरूरत है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

साहिबगंज जिले के पुलिस बलों को शीघ्र मिलेगा नए और आधुनिक आवासीय क्वार्टरो का लाभ।

****

मौसम विभाग ने राजधानी समेत कोल्हान के पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम में आज भारी बारिश की संभावना जताई है। राज्य के कई जिलों में पिछले चौबीस घंटे से रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले अड़तालीस घंटे में झारखंड में मॉनसून सक्रिय रहा है। सबसे अधिक बारिश सिमडेगा जिले में दर्ज की गई है।

****

पैरालंपिक खेलों का फ्रांस की राजधानी पेरिस में शानदार आगाज हुआ। पैरालंपिक खेलों के इतिहास में भारत के खिलाडियों का यह अबतक का सबसे बड़ा दल है। भारत कुल 22 खेलों में से 12 खेलों में स्पर्धा करेगा। कृष्णा नागर बैडमिंटन में पुरूषों के सिंगल्स खिताब के लिए खेलेंगे। जबकि अवनि लेखरा और मनीष नरवाल निशानेबाजी में निशाना साधेंगे। आज से भारतीय खिलाड़ी तीरंदाजी, साइक्लिंग, ताइक्वांडो, तैराकी और टेबिल टेनिस में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

****

आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

****

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के मंत्री पद से इस्तीफे की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– चम्पाई ने झामुमो छोड़ा, मंत्री और विधायक पद से भी दिया इस्तीफा।

प्रभात खबर ने लिखा है– दिल्ली में चम्पाई सोरेन की जासूसी का आरोप, दो दारोगा को पकड़ा, पूछताछ के बाद छोड़ा।

दैनिक जागरण लिखता है– महिलाओं के खिलाफ अपराध पर छलका राष्ट्रपति का दर्द कहा–मैं निराश और भयभीत।

हिंदुस्तान की सुर्खी है–हेमंत सोरेन ने कहा–विधानसभा चुनाव में हार के डर से तोड़फोड़ कर रही है भाजपा।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– कोल्हान में हेमंत का ऐलान–गरीब परिवारों के पुराने बिजली बील होंगे माफ।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने बंगाल में बंद के दौरान कई स्थानों पर हुए झड़प की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

****